हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 20 अप्रैल 2024

04 सड़क बनी सब्जी बाजार, लोगों का चलना हुआ...


05 सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में कई परिवारों के लिए...




### भाजपा प्रत्याशी दर्शन चौधरी के समर्थन में सीएम ने किया रोड शो, आमसभा को किया संबोधित

# कांग्रेस ने अंग्रेजों के साथ मिलकर किया बंटवारा, कांग्रेस खत्म होने के लिए लोगों ने दुआएं मांगी थीः सीएम मोहन यादव

लोकसभा चुनाव के तहत शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इटारसी एवं सोहागपुर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो एवं आमसभा को संबोधित किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा होशंगाबाद नरसिंहपुर प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के समर्थन में शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इटारसी में रोड शो किया। यहां सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है जिन्होंने अंग्रेजों के साथ मिलकर देश का बंटवारा किया।

लोगों ने इस अंग्रेजों की कांग्रेस हटाने के लिए दुआएं की और 2014 में मोदी जी को बहुमत से विजय दिलाई। सीएम यादव ने कहा कि मोदी जी की आंधी चल रही है तो कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। मोदी जी ने एक नया भारत बनाने की इच्छाशक्ति लेकर पिछले 10 सालों से कार्य किया है और 2024 में जीत के बाद भी ऐसे ऐतिहासिक कार्य करने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। सीएम मोहन यादव ने मोदी सरकार की सीएए, पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को मारना, धारा 370 हटाना एवं राम मंदिर जैसे कई निर्णय का जनता के सामने ब्यौरा रखा। इस दौरान कम यादव के साथ प्रदेश सरकार में मंत्री एवं पूर्व सांसद राव उदय प्रताप सिंह, नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा, विजयपाल सिंह, प्रेमशंकर वर्मा, जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, भाजपा नेता पीयूष शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। देर शाम करीब 5:30 बजे मुख्यमंत्री मोहन यादव हेलीकॉप्टर से इटारसी पहुंचे। सीपीई परिसर में बने हेलीपैड पर उतरने के बाद पुरानी इटारसी ट्रैक्टर स्कीम स्थित खेड़ापति माता मंदिर से उनका रोड शो शुरू हुआ, जो पुराने इटारसी मुख्य मार्ग होते हुए ओवर ब्रिज तिराहा, सिटी थाने के सामने से होता हुआ, पुराना देना बैंक पहली लाइन होता हुआ, सराफा बाजार संस्कृत पाठशाला तुलसी चौक होता हुआ, जयस्तंभ चौक पर समाप्त हुआ।

रोड शो के दौरान सीएम यादव का करीब आधा सैकड़ा से अधिक स्थान पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ फूल वर्षा कर स्वागत किया।

## विश्व में मोदी इकलौते ऐसे नेता हैं जिसकी तारीफ दुश्मन भी करता हैः मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नर्मदापुरम नरसिंहपुर लोक सभा प्रत्याशी दर्शन चौधरी के समर्थन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोहागपुर में एक सभा को संबोधित किया। प्रथम नगर आगमन पर डॉ मोहन यादव का सोहागपुर नगरी में जोरदार स्वागत हुआ। मुख्यमंत्री से पहले सभा को राज्य सभा सांसद माया नारोलिया, शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, दर्शन चौधरी, विद्यायक विजयपाल सिंह, ठाकुरदास नागवंशी ने संबोधित किया। शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने भाजपा की नीतियों को अपना समर्थन देने की बात कही तो वहीं दर्शन चौधरी ने मतदाताओं से कहा कि मैं याचक हूं आपसे याचना करने आया हूं। मुख्यमंत्री यादव ने अपने संबोधन ने माखन लाल चतुर्वेदी को याद करते हुए नमन किया तो वहीं उन्होंने अपने उद्बोधन में नरेंद्र मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े। उन्होंने कहा अयोध्या में 500 साल तक भगवान श्री राम ने तंबू में बैठकर अपने घर का इंतजार किया। अब जब नरेंद्र मोदी की सरकार है तो अयोध्या , काशी के बाद मथुरा की बारी है । उन्होंने उपस्थित लोगो की भीड़ को देखते हुए कहा कि हम आश्वस्त है कि आप दर्शन सिंह चौधरी को सदन में भेजने का काम करोगे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पाकिस्तान देश के नेता भी अपने नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते है। मोदी इकलौते विश्व में नेता हैं जिनकी सराहना दुश्मन भी करते हैं। इस अवसर पर मंच में जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, सविता दीवान शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, सतपाल पलिया, विजय छाबड़िया, लता यशवंत पटेल, ललित पटेल, शरद दुबे, सुदीप दुबे, विनीत भार्गव, अश्वनी गुरु, अभिनव पालीवाल इत्यादि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और मतदाता उपस्थित रहे।

## नर्मदापुरम संभाग ने रीवा संभाग को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की जा रही महाराजा यशवंत राव ट्रॉफी सीनियर डिवीजन प्रतियोगिता के आखिरी लीग मैच में नर्मदापुरम संभाग ने रीवा संभाग को पारी और 32 रनों से पराजित किया। रीवा संभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 221 रनों पर ऑल आउट हो गई।

नर्मदापुरम टीम की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए ऋतिक दीवान ने सर्वाधिक 4 विकेट हर्षित परसाई 2 विकेट आयुष्मान कर 2 विकेट तथा आर्यन देशमुख ने 2 विकेट का योगदान दिया। इसके पश्चात नर्मदा पुरम टीम ने अपनी पारी में बल्लेबाजी करते हुए कप्तान गौतम रघुवंशी के शानदार शतक 159 रन तथा राहुल चंद्रोल कि शतकीय 131 रनों की पारी कि बदौलत 541 रन बनाए टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आयुष मानकर ने 70 रन तथा रित्विक दीवान ने 65 रन का योगदान दिया। इस तरह नर्मदापुरम संभाग ने रीवा संभाग पर 320 रनों की बढ़त बनाई। इसके पश्चात रीवा संभाग ने अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए 288 रनों पर ऑल आउट हो गई नर्मदापुरम की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए हर्षित परसाई ने 5 विकेट लिए,गौतम रघुवंशी ने 4 विकेट तथा रित्विक दीवान 1 विकेट का योगदान दिया।

इस तरह नर्मदापुरम संभाग ने रीवा संभाग को एक पारी और 32 रनों से पराजित कर मैच में 7 पॉइंट अर्जित किए एवं सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच में अपने दमदार प्रदर्शन की बदोलत गौतम रघुवंशी एवं हर्षित परसाई को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। नर्मदापुरम टीम के शानदार प्रदर्शन पर एनडीसीए के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बधाई एवम सेमीफाइनल मैच के लिए शुभकामनाएं दी।

## आबकारी टीम ने जब्त की युवक की स्कूटी में रखी अवैध अंग्रेजी शराब

### माखननगर रोड पर किया आरोपी को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम आबकारी उडनदस्ता टीम की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही स्कूटी में परिवहन करते हुए अंग्रेजी शराब 30 पाव ऑफिसर चॉइस के साथ आरोपी गिरफ्तार स्कूटी व मदिरा जप्त कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। शुक्रवार को कलेक्टर सोनिया मीना के लोकसभा निर्वाचन के परिपेक्ष्य में दिये निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा परिवहन ,निर्माण,संग्रह एवं विक्रय के खिलाफ जिले भर में चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना के आधार पर आबकारी टीम नर्मदापुरम ए द्वारा माखन नगर रोड पर हाईवे के पास नाके बंदी की गई थी। जिसमें एक आरोपी अभिषेक मांझी पिता तरुण मांझी निवासी भिलपुरा अपनी स्कूटी के साथ 30 पावर ऑफिसर चॉइस अंग्रेजी शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी से मदिरा एवं मदिरा परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के अंतर्गत प्रकरण कायम कर जमानत मुचलके पर छोड़ा गया। आरोपी के पास जप्त स्कूटी एवं मदिरा की कुल कीमत लगभग 90 हजार रुपए आंकी गई है। आबकारी टीमें पूरे जिले में अवैध मदिरा के खिलाफ लगातार कारवाइयां कर रही हैं आज की इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक नर्मदापुरम ए वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक रामदत्त शर्मा,रघुवीर प्रसाद निमोद, आबकारी आरक्षक नर्मदा प्रसाद मेहरा, विकास लोखंडे, गणपत बोबडे के साथ महिला आरक्षक भावना यादव का विशेष योगदान था। जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर द्वारा बताया गया कि पूरे जिले में मुखबिरों से सूचनाएं प्राप्त कर अवैध मदिरा के खिलाफ कार्यवाहियां की जा रही हैं एवं आगे भी की जाएंगी।

## छात्राओं ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में नर्मदापुरम जिले के कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कन्या शिक्षा परिसर में छात्राओं एवं कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ ली, शपथ में छात्राओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी नागरिकों से भाग लेने की अपील की। छात्राओं ने दीवार लेखन कर मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे। रंगोली बनाकर तथा मानव श्रृंखला निर्मित कर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील संपूर्ण जिले के मतदाताओं से की गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य एसके द्विवेदी, यूएस राठौर, छात्रावास अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में छात्राएं एवं कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा कर्मचारी उपस्थित थे।

### सुचारू, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने करें सभी जरूरी तैयारी

**नर्मदापुरम।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग राजीव कुमार ने गुरुवार को लोकसभा निर्वाचन - 2024 के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार ने कहा कि सुचारू, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिये सभी जरूरी तैयारियां समय सीमा में पूरी करें। आगामी 7 दिन सभी प्रेक्षक लगातार फील्ड में रहकर तैयारियों की मॉनिटरिंग करें। इस दौरान निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखवीर सिंह संधू भी उपस्थित थे। राजीव कुमार ने कहा कि सभी प्रेक्षक अभ्यर्थी और राजनैतिक दलों को अपने मोबाइल, लैंडलाइन, ईमेल और निवास स्थान की जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे वे किसी भी घटना की जानकारी तुरंत दे सकें।

### गायिका दामिनी पठारिया आज देंगी भजन की प्रस्तुति

**नर्मदापुरम।** राम नवमी के पावन प्रसंग पर शहर की गायिका दामिनी पठारिया द्वारा स्वरबद्ध श्री राम का सुंदर भजन, मेरे राघव, जिसके संगीतकार आदित्य नारायण परसाई एवं गीतकार उदित नारायण तिवारी के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय संस्कार चैनल पर सीधा प्रसारण शनिवार को रात्रि 8 बजकर 2 मिनिट पर प्रसारित किया जाएगा। साथ ही मेरे राघव भजन का लाइव टेलीकास्ट सत्संग चैनल पर प्रातः 9 बजकर 3 मिनिट पर तथा शुभ चैनल पर 8 बजकर 6 मिनिट पर होगा। इसके अलावा संसार म्यूजिक के यूट्यूब चैनल एवं नमस्ते नर्मदापुरम के इंस्टाग्राम पेज पर जाकर भी इस सुंदर भजन का आनंद ले सकते हैं। इस अवसर पर संगीतकार राम परसाई, विजय परसाई, रामसेवक शर्मा, आनंद नामदेव, डॉ नमन तिवारी, राकेश पठारिया, तारा पठारिया, रित्विक राजपूत ,विपुल दुबे,सक्षम पाठक,विशाल सागर, योगेंद्र दिवोलिया, गोपाला अग्रवाल,तन्मय करैया, आकाश जैन ,उत्कर्ष तिवारी आदि ने कलाकारों के स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### मतदान केन्द्रों के कवरेज के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मीडिया प्रतिनिधियों को जारी प्राधिकार पत्र इस विनिर्दिष्ट शर्त के अधीन जारी किया जाता है कि इस प्राधिकार पत्र के धारक को पूरे समय रिटर्निंग ऑफिसरों, सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों, पीठासीन अधिकारियों, मजिस्ट्रेटों, ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों के सभी निर्देशों का पालन करना होगा। किसी भी स्थिति में यह प्राधिकार पत्र हस्तान्तरणीय नहीं है और इसका प्रयोग केवल उस व्यक्ति द्वारा ही किया जाएगा जिसका नाम पन्ने की दूसरी तरफ दिया हुआ है। प्राधिकार पत्र के धारक की पहचान के बारे में पीठासीन अधिकारी अपनी संतुष्टि करेंगे। इसमें जिसका नाम दिया गया है उस व्यक्ति को छोड़कर किसी अन्य के द्वारा इसका प्रयोग गंभीर अपराध है और इस कारण वह व्यक्ति उचित कानूनी कार्यवाही का भागी होगा। व्यक्ति सहज पहचान के लिए अपना पहचान- पत्र और परिचय कार्ड साथ में लाएं, जो उन्हे उस संस्था द्वारा जारी किया है, जिसका वह प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मतदान केन्द्र में प्रवेश करने वाले मीडिया के लोगों को चाहिए कि वे किसी प्रतिबंधित दस्तावेज को हाथ नही लगाएं और न ही किसी व्यक्ति का साक्षात्कार लें और किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैलाए। मतदान केन्द्र के अंदर किसी भी प्रकार का दखल व्यवहार लो.प्रति. अधिनियम, 1951 की धारा 131 (1) (ख) के अधीन दण्डनीय अपराध है, जिसके लिए जुर्माने के साथ 3 माह तक की सजा या दोनों हो सकते हैं।

### जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जारी है मतदाता जागरूकता का अभियान

## रैली निकालकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



लोकसभा निर्वाचन 2024 की निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना के निर्देशों के परिपालन में जिले में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां निरन्तर आयोजित की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिपं सोजान सिंह रावत के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित की जा रही गतिविधियों की इसी श्रृंखला में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट गेट से जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता महारैली का आयोजन किया। रैली के एक हजार से अधिक लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर जनसामान्य में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रैली मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के नेतृत्व में निकाली गई। रैली में समाजसेवी संस्था, लायंस क्लब, स्वसहायता समूह, आंगनबाड़ी, खेलसंघ, गृह विज्ञान महाविद्यालय, नर्मदा महाविद्यालय, सेमेरिटन स्कूल, सरवाईट स्कूल,शांति निकेतन स्कूल, स्प्रिंगडेल्स स्कूल, शासकीय कन्या उमावि के विद्यार्थियों सहित शिक्षका/शिक्षिकाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर जनसामान्य को मतदान में अपनी हिस्सेदारी निभाने के लिए जागरूक किया। रैली में विद्यार्थियों ने बैंड बजाकर रैली को आमजन के बीच आकर्षण का केन्द्र बनाने में महती भूमिका निभाई।

रैली में खेल संघो ने मतदाता जागरूकता के लिए हॉकी, हैण्डबॉल, व्हालीबॉल, कराते, फुटबॉल, बैडमिंटन जैसे अन्य खेलो की झांकी प्रस्तुत कर जनसामान्य का ध्यान आकर्षित किया। मतदाता जागरूकता रैली में जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, लायंस क्लब के दिलीप सिंह डांगी, जिला प्रशासन से शेलेष उइके, जिला शिक्षा विभाग से वंदना रघुवंशी, बख्तावर खान, कमल पटेल, स्नेहा, चेतन आंकरे, आस्कर ऐरिन मोजिस, पवन कुमार, चंदा मिश्रा, दारासिंह, जयसिंह भदौरिया की अहम भूमिका रही। रैली के रूट का संचालन आरती शर्मा ने कुशलता पूर्वक किया। रैली का समापन एसपी ऑफिस के सामने कमला नेहरू पार्क में संपन्न हुआ। रैली में शामिल सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षिकाओं व रैली में शामिल अन्य आमजनो को आगामी 26 अप्रैल को मतदान में शतप्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। रैली के सफलता पूर्ण आयोजन में जिला चिकित्सालय, नगर पालिका एवं यातायात विभाग का भी सराहनीय सहयोग रहा।

## बैंड बाजों के साथ चल समारोह निकालकर किया मतदाताओं को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले भर में मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न गतिविधियों को जिला प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु अनूठी पहल की गई। मुख्यालय पर विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया यह आयोजन कलेक्ट्रेट गेट से नेहरू पार्क तक किया गया। चल समारोह का शुभारंभ स्वयं जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस समारोह में श्री रावत भी शामिल रहे साथ ही इसमें लायंस क्लब नर्मदापुरम को भी आमंत्रित किया गया एवं इस कार्यक्रम को खेल युवा केन्द्र द्वारा आयोजित किया गया। इस चल समारोह में स्कूल के खिलाडियों बच्चों ने भाग लिया साथ ही इस समारोह मे युवा मतदाता भी जुड़े ओर नए मतदाताओं से मतदान करने की अपील भी की गई। चल समारोह में रास्ते के राहगीरों को जगह जगह चौक चौराहों पर मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई। चल समारोह में खिलाडियों ने अपने अपने खेल का जोहर दिखाया हॉकी, फुटबॉल, बैडमिंटन, बॉलीबॉल, सायकिल, मोटरसाइकिल एवं बेनर ओर तख्तियां लेकर मतदाताओ को किया गया जागरूक, चल समारोह के समापन पर मुख्य जिला पंचायत अधिकारी एसएस रावत द्वारा चल समारोह में शामिल लोगों को एवं पार्क में आये लोगो को शपथ दिलाई गई।

## खबर संक्षेप

### प्रचार प्रसार संबद्ध वाहन की अनुमति 5 मई तक

**सारनी।** निर्वाचन आयोग द्वारा हेमंत वागद्रे द्वारा इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम के पक्ष में प्रचार प्रसार करने के लिए वाहन स्कॉर्पियो एमपी-04-बीसी 7750 एवं इनोवा एमपी 04 जेडजे 5536 को पूर्व में दी गई अनुमति में संशोधन किया गया है।मतदान तिथि में संशोधन हो जाने के कारण अब ये वाहन 5 मई की शाम 5 बजे तक प्रचार प्रसार कर सकेंगे। अपर कलेक्टर बैतूल जयप्रकाश सैय्याम द्वारा इस आशय का आदेश जारी किया गया है।एक अन्य आदेश के अनुसार बसंत माकोड़े द्वारा भाजपा प्रत्याशी दुर्गादास उईके के पक्ष में वाहन पिकअप वेन अशोक लिलेंड एमपी 48-जी-1918 को प्रचार प्रसार करने के लिए अनुमति प्रदान की गई है। वाहन 5 मई की शाम 5 बजे तक प्रचार प्रसार कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व में 26 अप्रैल की मतदान थी जो तिथि 7 मई हो जाने के कारण 24 अप्रैल तक दी गई अनुमति को 5 मई तक के लिए संशोधित कर के समय अवधि बढ़ाने का कार्य किया गया है।

### विसंगतियों के खिलाफ बीएमएस यूनियन धरना पर

**सारनी।** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की छतरपुर उपप्रबंध की लाल फीता शाही के विरोध में बीएमएस यूनियन के माध्यम से 17 अप्रैल से छतरपुर टू खदान के सामने धरना प्रदर्शन का दौर जारी हो गया है। छतरपुर टू खदान के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सलेक्शन में विसंगति के संबंध में बीएमएस यूनियन के माध्यम से धरना प्रदर्शन देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छतरपुर वन खदान में नूर बैग,निलेश कुमार को वर्तमान समय में उनके पद के विपरीत दूसरे पद पर कार्य करने को मजबूर किया जा रहा है। लैम्प रूम में सलेक्शन कर लिया गया है।जबकि छतरपुर टू खदान में लैंप रूम में कार्यरत नूतन बरपेटा को सलेक्शन से वंचित कर दिया गया है। नूतन बरपेटे भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता पदाधिकारी है। इस वजह से छतरपुर क्षेत्रीय प्रबंधक उनसे द्वेष भावना के साथ कार्य कर रही है।

### सड़क पर वाहनों की पार्किंग, नहीं रहती ट्रैफिक पुलिस

# सड़क बनी सब्जी बाजार, लोगों का चलना हुआ दुश्वार, लगता जाम





संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

शहर इन दिनों अतिक्रमण के हमले की चपेट में है। चुनाव में व्यस्त शासन-प्रशासन के द्वारा इस पर ध्यान न देने से फुटपाथ पर पैदल चलना और सड़क पर गाड़ियों का चलना मुश्किल हो गया है। सड़कों पर स्थिति तब ओर खराब हो जाती है जब सब्जी बाजार का दिन होता है। पूरा बाजार नगरपालिका और यातायात पुलिस को धता बताकर सड़क पर ही लगता है।

#### साप्ताहिक बाजार के दिन रोड से निकलना दुर्भर

बैतूल में सब्जी का कारोबार बढ़ता जा रहा है, पर नपा पार्किंग, बाजार लगाने सहित अन्य इंतजाम नहीं कर पा रही है। इसका खामियाजा लोगों सहित वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। बाजार में लोग घुस तो जाते हैं, लेकिन वाहन खड़े करने की जगह नहीं रहती, सब्जी खरीदने से लेकर बाजार से बाहर निकलने तक में उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इधर सदर साप्ताहिक बाजार में सडक़ पर ही वाहनों की पार्किंग की जाती है। इससे नेशनल हाइवे पर जाने वाले बड़े वाहनों, खासकर बस-टक को निकलने तक की जगह नहीं बचती। ऐसे में दुर्घटना का खतरा बना रहता है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि साप्ताहिक बाजार की ट्रैफिक व्यवस्था को कंट्रोल करने के लिए बाजार में कहीं भी ट्रैफिक पुलिस नजर नहीं आती है। इससे आम लोगों को खुद ही ट्रैफिक व्यवस्था बनाना पड़ता है। शहर में कोठीबाजार और सदर क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार रविवार और गुरुवार को लगते थे। दोनों ही जगह बाजार लगने पर लोगों को निकलना मुश्किल होता है। सडक़ पर लगने वाले बाजार में बार-बार जाम के हालात बनते है। खास कर रविवार को सदर बाजार में वाहनों की पार्किंग मेन सडक़ तक आ जाती, जिससे बस, ट्रक सहित अन्य वाहनों का निकलना ही मुश्किल हो जाता। यह बाजार पहले सिमटा हुआ था, लेकिन धीरे-धीर बढते ही जा रहा है। अधिकांश जगहों पर सडक़ें पीडब्ल्यूडी की हैं लेकिन बिना एनओसी के ही सडक़ पर ये बाजार लगते हैं।

#### व्यवस्था बनाने नपा डालती चूने की लाइन, पर व्यापारी सडक़ किनारे बैठ बेचते हैं सब्जी

नपा बाजार को व्यवस्थित करने के लिए समय-समय पर चूने की लाइनिंग डलवाती है, एक दो दिन तो इसका पालन भी होता है। चूने की लाइनिंग के पीछे दुकाने लगाने की व्यवस्था की जाती है लेकिन इसके बाद हालात पहले की तरह हो जाते हैं। चूने की लाइनिंग को क्रॉस करके व्यापारी सडक़ पर ही बैठने लगते हैं। सदर में किसी समय नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के पीछे पार्किंग बनाई गई थी। लेकिन बाद में इसे शिफ्ट कर दिया गया। अब सडक़ पर हो बीच में वाहन खड़े होते हैं। यहां पर ट्रैफिक पुलिस का अमला भी नहीं रहता है इससे बस-टक समेत अन्य वाहनों को भी निकलने में कई बार भारी परेशानी होती है।

#### बाजार शिफ्टिंग के नहीं किए नगरपालिका ने कोई प्रयास

काली चड्ट्टान कालापाठा का बाजार सबसे ज्यादा अव्यवस्थित है, वँहा लाइट्स तक नहीं है, शाम और रात को सबसे ज्यादा अव्यवस्था कालापाठा काली चट्टान के बाजार में लोगों को होती है। यह बाजार उबड़-खाबड़ चट्टानों के बीच सब्जी दुकाने लगाकर लगाया जाता है। इन्हीं चट्टानों के बीच जैसे-तैसे व्यवस्थाएं बनाकर सब्जी वाले बैठने की जगह बनाते हैं और दुकानें लगाते हैं। इस बाजार में पार्किंग के इंतजाम नहीं है। भग्गूढ़ाता की ओर जाने वाली सडक़ पर ही लोगों को यहां-वहां वाहन खड़े करने पड़ते हैं। जब बाजार करके लोग वापस आते हैं तो उन्हें वाहन निकालने में काफी परेशानियां होती हैं।

#### 10 साल में 556 से 1400 रुपए हुआ सब्जी कारोबारी

शहर में नगरपालिका क्षेत्र में सब्जी व्यापारियों की संख्या 10 साल में तीन गुनी हो गयी है। 10 साल पहले 556 सब्जी व्यापारी नपा के रिकार्ड में रजिस्टर्ड थे। लेकिन 10 सालों में इनकी संख्या बढ़ती हुई 1400 तक पहुंच गयी है। सबसे ज्यादा संख्या 2020 में बढ़ी, जब कोरोना काल में कई अन्य पेशों में नौकरियां छिनने के बाद बड़ी संख्या में लोग सब्जी के कारोबार में उतरे थे।

#### प्रयास किए जाएंगे

बाजारों में पार्किंग और चूने की लाइनिंग के नियम का पालन करवाने प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए राजस्त अमले को हिदायत दी जाएगी। बाजार शिपिटंग के पुराने प्रोजेक्टों के बारे में भी जानकारी ली जाएगी।

**ओमपाल सिंह भदौरिया,** सीएमओ नपा बैतूल

साप्ताहिक बाजार में जिन जगहों पर परेशानी हो रही है। वहां पर ट्रैफिक अमले को विशेष निर्देश दिए जाएंगे। शहर के सभी साप्ताहिक बाजारों में पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने के प्रयास किए जाएंगे।

**गजेन्द्र केन,** यातायात प्रभारी, बैतूल

#### शहर के इन बाजारों में पार्किंग की दिक्कत

कोठीबाजार साप्ताहिक सब्जी बाजार में रविवार और गुरुवार को सडक़ से निकलना मुश्किल हो जाता है। यह बाजार अब कोतवाली चौक से टिकारी तक, कमानी गेट के पास तक फैल गया है। यहां पार्किंग के इंतजाम नहीं है सडक़ पर ही वाहन खड़े करके लोग सब्जी खरीदते हैं। गंज में भगवान परशुराम चौक से बाबू चौक तक की पूरी सडक़ पर अब बाजार लगने लगा है। हालांकि सडक़ काफी चौड़ी है, लेकिन फिर भी इस पर वाहन खड़े होने से परेशानियां होती हैं। यहां भी सडक़ पर ही वाहनों की पार्किंग होती है।



### नियम विरुद्ध हो रहा पट्टे की जमीन का उपयोग

# पट्टे की जांच करने पहुंचा राजस्व विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला



राजस्व निरीक्षक, पटवारी बस स्टैंड पर पट्टे कि भूमि पर संचालित शराब दुकान की जांच करने पहुंचे थे।

शहर में राजस्व विभाग के द्वारा बाटे गए पट्टे का दुरुपयोग किया जा रहा हैं।शहर में कई जगह जिस उद्देश्य से पट्टे का वितरण किया गया और लोगो को आवासीय पट्टा देकर रहने की छत-छाया का इंतजाम सरकार के द्वारा किया गया,लेकिन इस भूमि का लोगों के द्वारा दुकान डालकर काम किया जा रहा हैं।


वर्षों से चल रहा है खेल...
पट्टे कि भूमि पर नियम विरुद्ध संचालित हो रही शराब दुकान

वही कुछ लोगो ने सरकारी पट्टे की जमीन की बड़े स्तर पर खरीद-फरोख्त भी की है। राजस्व विभाग के द्वारा अगर वितरित पट्टे की गहण जांच करे तो वास्तविक पट्टाधारक उस जगह पर मिलना मुश्किल होगा क्योंकि कई लोगो के द्वारा इसे बेच भी दिया गया है। ऐसा हि एक मामला बस स्टैंड पर संचालित शराब दुकान का 'हरिभूमि' ने अपने गतांक में समाचार प्रकाशित कर प्रमुखता से उठाया था। जिसके बाद राजस्व विभाग के जिम्मेदार हरकत में आए और गुरुवार देर शाम को नायाब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी बस स्टैंड पर पट्टे कि भूमि पर संचालित शराब दुकान की जांच करने पहुंचे थे। पट्टे की जगह को लोगो ने किराये से देकर मोटी रकम वसूल कर रहे हैं। जबकि नियमअनुसार जिसको पट्टा दिया गया हैं उसका उपयोग भी वही करेगा कोई ओर नहीं। इसी तरह अगर जांच करे तो पट्टे के दुरूपयोग की बड़ी संख्या में मामले देखने मे आएंगे।

#### इनका कहना है

जांच करने गए थे आवासीय पट्टा है। इसका व्यवसायिक उपयोग हो रहा है।

**श्याम बिहारी समेले,** नायाब तहसीलदार आमला।

### कार मोटरसाइकिल मे भिड़ंत महिला सहित तीन घायल

**मुलताई।** छिंदवाड़ा रोड़ ग्राम सोनेगांव में सड़क हादसा हो गया बताया जा रहा है कि सिपावा निवासी हंसलाल धुर्वे की पत्नी 38 वर्षीय और बेटा संदीप धुर्वे 24 वर्ष और अपने दोस्त लवकुश धुर्वे 25 वर्ष के मोटरसाइकिल से दुनावा बैंक जा रहे थे परंतु छिंदवाड़ा के ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल में सवार व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई पहुंचाया गया सभी घायलो का ईलाज मुलताई अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि घायल लोग जिला छिंदवाड़ा आदिवासी जनशक्ति युवा संगठन तहसिल अध्यक्ष प्रकाश तुमड़ाम के रिश्ते दार है।

### स्थगन आदेश के बावजूद नाले पर बेधड़क किया जा रहा मकान निर्माण

**बैतूल।** नगर पालिका बैतूल से स्थगन के बावजूद अर्जुन नगर के सरकारी नाले पर मकान निर्माण कार्य बेधड़क किया जा रहा है। बता दें कि इस निर्माण कार्य को रोके जाने के लिए अर्जुन नगर के समस्त रहवासी की शिकायत के बाद अपर कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारी को पत्र प्रेषित कर निर्माण कार्य को रोकने के संबंध में आदेश जारी किए थे। वार्ड वासी शिवदयाल ठाकुर, दिनेश नरवरे, सुनीता सोलंकी, मोहन शर्मा आकाश आदि ने बताया कि अर्जुन वार्ड निवासी कांती नरवरे पति किशोरी लाल नरवरे, द्वारा अर्जुन वार्ड में स्थित खसरा कमांक 152/144 पर भवन निर्माण किया जा रहा है। नाले पर कॉलम खोदे जाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। नपा ने निकाय द्वारा जारी भवन अनुज्ञा को शिकायत की पूर्ण जॉच एवं अंतिम आदेश होने तक किये जा रहे भवन निर्माण को तत्काल रोके जाने के संबंध में इस तरह आदेश जारी किए थे, आदेश की अवहेलना करने पर वैधानिक कार्यवाही की भी चेतावनी दी थी।

### अलग-अलग राज्य और अलग-अलग वेशभूषा के बाद भी सब एक

# अद्भुत है शीतला माता ग्रुप मंडली की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

अलग-अलग राज्य और अलग-अलग जिले की 15 महिला एक समूह को पिरोकर शीतला माता ग्रुप के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर अपनी एकता और अखंडता का परिचय देने का काम कर रही है। यह 15 महिलाएं विद्युत नगरी सारनी के मठारदेव महाराज वार्ड क्रमांक एक के शीतला माता ग्रुप से जुड़ी हुई है और सांस्कृतिक कार्यक्रम सामाजिक सरोकारों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना इन महिलाओं का लक्ष्य और उद्देश्य है।

शीतला माता ग्रुप की महिलाओं में पायल शिवहरे,किरण गुप्ता ने बताया कि हमारे ग्रुप की महिलाएं श्री राम मंदिर और शीतला माता ग्रुप से जुड़ी हुई है धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना उनकी प्राथमिकता रहती है,उन्होंने कहा कि यदि समाज में सामाजिक सरोकारों को लेकर कोई कार्यक्रम होता है तो यह महिलाओं की टोली एक वेशभूषा और अलग-अलग संस्कार और संस्कृति को पिरोकर अपनी प्रस्तुति देने का काम करती है। श्रीराम शोभा यात्रा के अवसर पर इन 15 महिलाओं के माध्यम से साउथ इंडियन गेटअप के साथ महाकाल की वंदना सामूहिक रूप से प्रस्तुत करने का कार्य किया था इन महिलाओं की प्रस्तुति इतनी मनमोहन थी की शोभायात्रा में पाच हजार से अधिक लोग शामिल हुए थे और यह शोभा यात्रा ऐतिहासिक रही इस शोभायात्रा जिस भी मार्ग जिस भी गली से गुजरी और शीतला माता ग्रुप की साउथ इंडियन गेटअप के साथ यह 15 महिलाएं जहां देखो वहां महाकाल की वंदना और प्रस्तुति करते दिखाई दी ऐसी कोई महिला ऐसा कोई पुरुष या बच्चा नहीं था जो उनकी प्रस्तुति को देखनेउ से रोक पाए शीतला माता ग्रुप की महिलाओं का कहना है कि आने वाले समय में इससे भी भव्य रूप से कार्यक्रम की प्रस्तुति देने का कार्य करेंगे उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा उनके ग्रुप की महिलाएं सामाजिक सरोकारों को भी बढ़-चढ़कर कर ने का कार्य करती उनके ग्रुप में नीतू मकोड़े,सुमन प्रसाद,रोशनी सातनकर, सोनम साहू,प्रिया सोलंकी,रीता बराई, अंजू बरेडिया,ज्योति सांवले,भारती साहू, पायल शिवहरे,किरण गुप्ता सहित अन्य 15 से अधिक महिलाएं हैं जो हर सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर अपनी संस्कृति और परंपरा के अनुरूप प्रस्तुति देने का कार्य करती है।



# विश्वकर्मा बढ़ई समाज ने धूमधाम से कराया नवयुगल का विवाह

### विधायक व रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष ने वर-वधु को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विश्वकर्मा समाज ने शुक्रवार 19 अप्रैल को विश्वकर्मा मंदिर में निशुल्क विवाह महोत्सव का आयोजन किया, जिसमें नवयुगल का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने नवयुगल को शुभकामनाएं दीं। समाज के इस निशुल्क विवाह महोत्सव ने नवयुगल के जीवन को नई ऊर्जा और खुशियों से भर दिया।

समिति द्वारा किए गए इस कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई, जिससे इस कार्यक्रम को सफलता मिली। यहां पर समाज के सहयोग से नव दंपत्ति को घर गृहस्थी की समस्त सामग्री भी दी गई। विवाह समारोह में सैकड़ों की संख्या में समाज जन उपस्थित थे। आमला , सारनी विधायक डॉ.योगेश पण्डागरे, एवं रेडक्रॉस सोसायटी बैतूल के अध्यक्ष डॉ.अरूण जयसिंगपुरे ने वर वधू को अपने हाथों से भोजन करवाया एवं आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि एक समाज की समृद्धि उसकी एकता और सहयोग से होती है। निशुल्क विवाह का आयोजन करके, विश्वकर्मा बढ़ई समाज ने सहानुभूति और सहयोग का बेहतर उदाहरण पेश किया। यह सामाजिक संदेश हमें उन्नति और समृद्धि की ओर ले जाता है, जहां हर व्यक्ति का समाज में एक समान महत्व हो। उल्लेखनीय है कि विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति जिला बैतूल के तत्वावधान में सारणी क्षेत्र के सदस्यों की अनुशंसा पर विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति जिला बैतूल द्वारा निःशुल्क विवाह सम्पूर्ण विधि विधान से सम्पन्न करवाया।



#### इनकी रही सराहनीय भूमिका

*वैवाहिक कार्यक्रम में सारणी समिति, आमला समिति, चिचोली समिति, भैंसदेही समिति के सामाजिक जनों ने उपस्थित होकर वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिलाध्यक्ष गणेश प्रसाद मालवी, कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष मालवी, उपाध्यक्ष डॉ.रामदयाल विश्वकर्मा, डॉ. रामकिशोर मालवी, ऋषिराम मालवी, चंद्रशेखर मालवी, सीएल मालवी, सचिव शशिकांत मालवी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र मालवी, सह सचिव देवकुमार मालवी, नरेन्द्र मालवी, संस्कृतिक सचिव विष्णुकांत मालवी, प्रचार मंत्री शिवकिशोर मालवी, विवेक गुड्डू मालवी, बद्री मालवी, देवेन्द्र गुड्डू मालवी, श्यामकिशोर मालवी, बलराम मालवी नेहा इलेक्ट्रॉनिक, मीनाक्षी हरीश, ममता मधुकर, अंजली नरेन्द्र सहित समाज समिति प्रमुख बलवीर मालवी का सहयोग रहा।*

### उफ यह गर्मी और ऊपर से बिजली की आंख मिचौली

**सारनी।** एक तरफ तो लोकसभा चुनाव की गर्मी का तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। ऊपर से अप्रैल माह की गर्मी भी सितम ढाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते दिखाई दे रही है। राजनीतिक गर्माहट मौसम की चिलचिलाहट और उसके बाद बिजली विभाग की अघोषित बिजली कटौती शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लिए परेशानी का कारण बनता दिखाई दे रहा है। रखरखाव और मरम्मत के नाम पर बिजली विभाग के आला अधिकारी और कर्मचारियों के माध्यम से एक दिन के आड़ में 10 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक बिजली की कटौती की जाती है। उसके बाद हर आधे घंटे मे 15 मिनट में बिजली कटौती का सिलसिला जारी रहता है। बिजली विभाग का मन इससे भी नहीं भरता रात के समय में यदि ग्रामीण क्षेत्र की बिजली गुल हो जाए तो समझो कि 2 दिन के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की व्यवस्था दुरुस्त हो पाएगी। संपूर्ण मध्यप्रदेश में 14 हजार 500 मेगावाट बिजली की खपत सुबह 8 बजे से लेकर 10 बजे के बीच पहुंचने दिखाई दे रही है। जबकि संपूर्ण मध्यप्रदेश में सरकारी एवं निजी बिजली थर्मल स्टेशनों से 28 हजार से अधिक बिजली का उत्पादन हो रहा है। उसके बाद भी रखरखाव और अव्यवस्थाओं का आलम बिजली विभाग के सर पर चढ़कर बोल रहा है यही वजह है कि लोकसभा चुनाव की गर्माहट से ज्यादा अघोषित बिजली कटौती का माहौल ग्रामीण क्षेत्रों में चढ़ता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को किसी राजनीतिक पार्टी का प्रत्याशी बेहतर है और किसी राजनीतिक पार्टी का प्रत्याशी खराब उसे लेना देना नहीं है उन्हें मूलभूत सुविधा यदि उपलब्ध न हो तो वह ग्रामीण चुनाव का बहिष्कार और नेताओं के गांव में प्रवेश पर प्रतिबंध के पोस्टर तक चिपकने से बाज नहीं आते लोकसभा चुनाव के पहले ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती कहीं लोकसभा चुनाव पर भारी न पर जाए।

### 10 वार्डों की पेयजल वितरण प्रणाली हुई प्रभावित

# इंटेकवेल से जुड़ा हरदौली पंप हाउस, वाटर सप्लाई हुई प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मूलताई

हरदोली जल आवर्धन योजना पंप हाउस को हरदौली बांध में बने इंटेकवेल से जोड़ने की प्रक्रिया आज पूर्ण हो गई और इसके साथ ही दो दिनों से बंद हरदौली से मुलताई पानी की सप्लाई प्रारंभ कर दी गई है। हरदोली पंप को इटेकवेल से जोड़ने के कार्य के चलते दो दिनों से हरदौली का पानी मुलताई ही नहीं पहुंच रहा था जिससे नगर के 10 वार्डों की पेयजल आपूर्ति ठप हो गई थी। और उसके साथ ही हरदौली जल आवर्धन योजना के पेयजल घटक के ठेकेदार आदि एक्वा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने एक चरण और पूरा कर लिया है किंतु क्या इंटेकवेल से पंप हाउस समवेल जोड़े जाने के बाद इसका फायदा नगर की पेयजल आपूर्ति को हो सकेगा इसको लेकर अभी संचय की स्थिति बनी हुई है।



#### इंटेकवेल पर प्रारंभ हुआ पानी का मीटर

इंटेकवेल पंप हाउस से जुड़ने के साथ ही हरदौली बांध पर पानी का मीटर भी प्रारंभ हो गया है और आज के बाद यह पता चल सकेगा कि प्रतिदिन बांध इंटेकवेल से कितना पानी फिल्टर प्लांट में भेजा जा रहा है। इंटेकवेल फिल्टर प्लांट पंप से जुड़ने के पहले 20-20 एचपी की दो मोटर से 40 एचपी पानी फिल्टर प्लांट पहुंच रहा था जहां अनुमानित 15 लाख लीटर पानी पंप हाउस पहुंचने में 22 घंटे लग रहे थे। अब आदि एक्वा कंपनी ने 75-75 एचपी की दो मोटर एक के बाद एक काम करेगी एक दिन में और एक रात में जिससे जहां बिजली का बिल कम होगा वही 22 घंटे का कार्य 8 घंटे में पूर्ण हो सकेगा।



#### इनका कहना है

हरदौली बांध पर हो रहे सुधार कार्य के चलते दो दिनों से लगभग 10 वार्ड की पेयजल वितरण प्रणाली प्रभावित हुई है अब फिल्टर प्लांट से मुलताई पानी आना प्रारंभ हो गया है शीघ्र ही पेयजल वितरण प्रणाली मे सुधार हो सकेगा।

**योगेश अनेराव,** उपयंत्री नगर पालिका मुलताई

#### समय और बिजली की होगी बचत किंतु नगर में जल आवक रहेगी यथावत

*मुलताई नगर का दुर्भाग्य कहे या राजनीति यहां हर योजना को पलीता लगते देखना आम सा हो गया है। जहां संपूर्ण देश में योजना का आरंभ सीधी तरफ से होता है हमारे यहां उल्टे तरफ से होता है । बांध के बाद सबसे पहले जिस इंटेकवेल का निर्माण होना था फिल्टर प्लांट पंप हाउस चालू होने के 1 वर्ष बाद आज इंटेकवेल को पंप हाउस से जोड़ा गया है अब तक सीधे बांध से पानी फिल्टर प्लांट में आ रहा था। किंतु उसके बावजूद भी इंटेकवेल से मुलताई जो पानी भेजा जा रहा है उसमें वृद्धि नहीं हो सकेगी उसका कारण यह है कि हमारे पास सिर्फ एक समवेल है मुलताई की पेयजल वितरण प्रणाली में सुधार के लिए नगर की पाइपलाइन व्यवस्था में सुधार करना होगा इसके प्रयास अब भी होते दिखाई नहीं दे रहे हैं।*

### आय का स्रोत है महुआ, महुआ बीनते परिवारों ने साझा किए अनुभव

# सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में कई परिवारों के लिए रोजगार का सहायक है महुआ

सतपुड़ा की रानी प्राकृतिक सौंदर्य के साथ साथ रोजगार के लिए वनस्पति आमजन के उदर पोषण और रोजगार के लिए महत्वपूर्ण साधन है। हरिभूमि ने प्रतिवर्ष महुआ बीनने वाले परिवारों से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि दैनिक मजदूरी छोड़कर महुआ बीनने से आर्थिक लाभ अधिक होता है।





हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मार्च के आखिरी समय और अप्रैल के पहले सप्ताह में आपने गौर किया होगा कि कुछ लोग सुबह सूर्योदय के बाद महुआ के पेड़ के नीचे फल बीनने में लगे रहते हैं।मार्च के आख़िरी सप्ताह से लेकर अप्रैल महीने तक जंगल से जुडी जीविका वाले ज्यादातर परिवार आपको जंगल में महुआ बीनते हुए मिलेंगे। पचमढ़ी के जंगलों में महुआ के पेड़ों की भरमार है। मुख्य शहर से बाहर भी चारों तरफ महुआ के वृक्ष लगे हुए हैं। मुख्य तौर पर हवाई पट्टी मार्ग राज भवन पहाड़ी क्षेत्र में महुआ की भरमार है।एक महीने गिरने वाले इस महुआ से यहाँ का एक परिवार महुआ बेचकर 40 से 60 रुपय प्रति किलो के हिसाब से अच्छी खासी रकम कमा लेते हैं।कुछ महिलाएं इस महुए का अचार भी बनाती हैं जिसकी उत्तरी शहरो में खूब मांग रहती है।हिंदी में मोवरा, महुआ इंग्लिश में इंडियन बटर ट्री, संस्कृत में मधुका, गुड पुष्पा इत्यादि यह नाम है। महुआ को संस्कृत में 'मधूक' कहते हैं, जिसका अर्थ है मीठा।

### महुआ बीनने वाले परिवार ने बताया

मार्च और अप्रैल के इस समय में हमें बिल्कुल भी फुर्सत नहीं मिलती। परिवार के लगभग सभी सदस्य सुबह 4 बजे महुआ के पेड़ के नीचे आ जाते हैं कभी-कभी फल बिन का यह सिलसिला शाम 5,6 बजे तक चलता है। पिछले वर्ष महुआ बेचकर हमने करीबन 25 से 30 हजार की रकम कमाई थी। हालांकि यह रकम के सामने मेहनत बहुत ज्यादा है लेकिन फल बेचकर कमाई रकम से परिवार के जुड़े अहम काम हो जाते हैं।

### महूए से जुड़े उत्पाद

स्थानीय परिवार महूए के कई तरह के उत्पाद भी बनाते हैं। ज्यादातर परिवार महुआ को सुखाकर सीधा बाजार में बेच देते हैं। कुछ माहिर महूए से अचार और शराब बनाने का भी हुनर रखते हैं। महुआ तोड़ने के बाद यह तय किया जाता है कि बाजार में महुआ का दाम ज्यादा है या कम। अगर दम ज्यादा होता है तो महुआ सीधे बाजार में बेच दिया जाता है और अगर दाम कम रहता है तो महूए को सुखाकर उसका अचार बनाया जाता है या फिर उसे स्टोर किया जाता है।

### महूए के फायदे

हरिभूमि के प्रतिनिधि से चर्चा के दौरान महुआ बीनने वाले परिवारों ने बताया कि महुआ के हर हिस्से में कई तरह के पोषक तत्व मौजूद है। महुआ के औषधीय गुण भी काफी ज्यादा हैं। महुआ के फूल से जहां शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है , वहीं दर्द, बुखार, पेट का अल्सर, ब्रोंकाइटिस, दांत का दर्द आदि समस्याओं में महुआ के फूल फायदेमंद माना जाता है। महुआ के पेड़ इंडियन बटर ट्री आयुर्वेद में उल्लेख है कि इसके बीजों को खाया सीधा खाया भी जा सकता है। खाने के अलावा उनके बीजों का तेल भी बनाकर उपयोग किया जाता है। महुआ से जुड़ी मेडिसिनल लबों को देख तो इसका उपयोग डायबिटीज इनफर्टिलिटी और हड्डियों से जुड़ी कई समस्याओं में किया जा सकता है। महुआ का उपयोग कई बीमारियों के लिए भी किया जाता है जैसे, ब्रोंकाइटिस जिसमे महुआ दूध का सेवन किया जाता है। गठिया में महुआ कि शराब का मालिश मे उपयोग किया जाता है। नसों की कमजोरी में महूए का तेल उपयोग किया जाता है। अल्सर की समस्या में महुआ के फल का सीधा सेवन किया जाता है।

#### महुआ बीनने वालो से मिले थे राहुल गाँधी

हाल ही में शहडोल सभा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महुआ बिने वाले परिवार से मुलाकात की थी।सभा के बाद हेलीपैड के लिए रवाना होते समय राहुल गांधी उन महिलाओं के पास जाकर रुक जो महुआ बिन रही थी।राहुल ने जमीन से महुआ के दो फूल उठाकर स्वाद चखा और बोले-नॉट बैड जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हुआ था।

# वीआईटी एनएसएस द्वारा किया गया युवा संसद का आयोजन

### युवा संसद में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया






हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वीआईटी विश्विद्यालय कोठरी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा युवा संसद का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाट्न विश्वविद्यालय के वाइस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन, रजिस्ट्रार देबाशीष अधिकारी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. आभा गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

युवा संसद एक महत्वपूर्ण पहल है जो युवाओं को राजनैतिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करने का माध्यम है। इस आयोजन में युवा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विकास और विविधता के मुद्दों पर विचार करने और उन्हें समाधान ढूंढने का अवसर मिला। कार्यक्रम में युवाओं को समाज में उत्तरदायित्व सहित राष्ट्रीय विषयों की आलोचना करने का एक मंच प्रदान किया। यहाँ, वे अपने विचार और प्रस्तावों को साझा कर सक्रिय नागरिक बने। युवा संसद का आयोजन 16 अप्रैल को हुआ और इसमे 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी ने साथ मिलकर विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। एनएसएस के संकाय समन्वयक डॉ. विनोद भट्ट और डॉ. आभा गुप्ता की दिशा निर्देशन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

# पचमढ़ी में गायत्री परिवार ने किया माता रानी का श्रृंगार, दो कुंडीय हुआ यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



नवरात्रि के पावन पर्व के शुभ अवसर पर माँ गायत्री प्रज्ञा पीठ पचमढ़ी में यज्ञ अनुष्ठान किया गया। जिसमें प्रतिदिन प्रातः सर्वप्रथम माता रानी का श्रृंगार मंदिर प्रांगण की साफ सफाई एवं 10 बजे से दो कुंडीय यज्ञ(हवन)गायत्री परिजनों द्वारा किया जाता था जिसमें प्रतिदिन लगभग 100 परिजनों द्वारा हवन किया जाता था। शाम 4 से 6 तक सामूहिक साधना एवं मंत्र जाप तत्पश्चात शाम 8 बजे से सामूहिक आरती की जाती थी। गायत्री परिवार द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के अभियान चला कर इस प्रकार के कार्य किए जाते हैं जिससे नगर समाज और परिवारों के वातावरण में सुधार हो जैसे नशा मुक्ति अभियान,वृक्षारोपण,संस्कारशाला एवं ग्रह ग्रह हवन इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक रविवार को माँ गायत्री प्रज्ञा पीठ पर प्रात 10 बजे से हवन किया जाता है एवं एक पूजा कलश घरों घर स्थापित किया जाता है!उस कलश की प्रत्येक ग्यारस को सामूहिक रूप से गायत्री परिजनों द्वारा जिस घर में कलश स्थापित किया गया था पूजा की जाती है। एवं वहीं से दूसरे परिजन के यहां वह कलश भेज दिया जाता है।अगली ग्यारस में पूजा के लिए कलश के 24 सप्ताह पूरे होने पर हवन द्वारा कलश पर स्थित नारियल की पूर्णता आहुति कर पुनःनए नारियल को स्थापित किया जाता है। गायत्री परिवार द्वारा 22 अप्रैल 2024 से संस्कारशाला माँ गायत्री प्रज्ञा पीठ पचमढ़ी में प्रारंभ की जा रही है। जिसमें बच्चों को गायत्री परिवार,भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म के बारे में शिक्षित किया जावेगा यह कार्य पचमढ़ी एवं अन्य क्षेत्रों के विद्वानों से गायत्री परिवार द्वारा करवाया जाएगा।पचमढ़ी में हम सुधरेंगे युग सुधरेगा की तर्ज पर गायत्री परिवार परम पूज्य गुरुदेव जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के कार्य में लगा हुआ है।

# सिवनी मालवा में मतदान दलों का प्रशिक्षण प्रारंभ, ईडीसी का वितरण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 में दूसरे चरण में आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा का निर्वाचन संपन्न होना है जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रं.136 के मतदान दलों को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा में प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया अब पूरे मतदान दल को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण का समय प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक रखा गया है प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक सभी प्रपत्र जैसे मत पत्र लेखा , पीठासीन की डायरी समीक्षा प्रपत्र 16 बिंदु का प्रपत्र आदि भरना मतदान पूर्व की तैयारी मतदान के पश्चात सामग्री जमा करने हेतु विभिन्न प्रपत्र तथा लिफाफों को तैयार करना दोपहर 2 बजे से 5 तक मतदान प्रक्रिया का सामान्य प्रशिक्षण विशेष स्थितियां एवं ईवीएम मशीन का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स डॉ सुनील सोनी, सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्रकाश व्यास, मनित कुमार दुबे, उमेश धुर्वे, डॉ प्रशांत चौरसिया, मुकेश शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, मोहन हिंडोलिया के द्वारा दिया जा रहा है मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण तहसीलदार राकेश खजूरिया द्वारा किया गया तहसीलदार खजुरिया द्वारा मतदान दलों को ईवीएम मशीन की ट्रेनिंग दी गई तथा बताया गया कि मतदान सामग्री प्राप्त होने पर कंट्रोल यूनिट को चालू करके देखें आपस में कनेक्ट ना करें पीठासीन अधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मत प्रतिशत एप्प डाउनलोड करना है तथा मतदान सामग्री प्राप्त होने से लेकर मतदान सामग्री जमा होने तक की जानकारी फीड करना है मतदान दलों को प्रशिक्षण स्थल से ही इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट नोडल अधिकारी अनिल पटेल के मार्गदर्शन में दिए जा रहे हैं।

# कॉलेज में बेस्ट सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा मे स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत शुक्रवार को पुनः बेस्ट शेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में एवं प्रभारी मनोज कुमार प्रजापति के निर्देशन में स्वीप के अंतर्गत बेस्ट शेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रभारी मनोज कुमार प्रजापति ने छात्राओं को मतदान एक राष्ट्रीय पर्व है पर व्याख्यान दिया और मतदान का महत्व समझाते हुए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की काजल रतन, आकांक्षा पांडे, डॉ. दुर्गा मीना, डॉ. केआर कोसे, डॉ. नीरज विश्वकर्मा, डॉ.रीमा नागवंशी एवं समस्त प्राध्यापक तथा छात्राएं उपस्थित रही।

### मतदान केन्द्र को बनाएंगे आदर्श मतदान केन्द्र

**नर्मदापुरम।** ग्राम पंचायत भीलाखेड़ी में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पंचायत स्तरीय शासकीय अमले द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप गतिविधि की गई। इसके तहत ग्राम पंचायत भवन में महिला कर्मचारियों द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा मतदान के प्रति जागरूकता लाने एवं शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु अपने हाथों पर मेहंदी से स्लोगन लिखे गए। जागरूकता अभियान में पंचायत सचिव नरेंद्र सिंह राजपूत, एमपीडब्ल्यू जितेंद्र कुशवाहा, रोजगार सहायक भारती चौहान, सीएचओ विन्नी विश्वास,एएनएम. रीना चौरे, आशा सुपरवाइजर साधना पटेल, आयुष विभाग से सीएचओ अमिता गोलकर आदि शामिल रहे।

### सीईओ जिपं ने किया मतदान दलों के प्रशिक्षण व मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**नर्मदापुरम।** लोक सभा निर्वाचन में 2024 के संदर्भ में 137 विधान सभा होशंगाबाद में मतदान दलों का प्रथम दिवस का प्रशिक्षण शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नर्मदापुरम में संपन्न हुआ। 91 मतदान दलों के 364 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के द्वारा निर्वाचन कार्य संबंधी जानकारियों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण प्रभारी हेमंत सूत्रकार सीईओ जनपद पंचायत नर्मदापुरम ने बताया कि इस प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों को सीधे चुनाव संपन्न कराने के लिये जाना होगा। आपने बताया कि विधान सभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत अच्छा रहे इसके लिये सतत रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदान दल एवं मतदाताओं को मतदान के दिन असुविधा न हो, इसके लिये भी मूलभूत सुविधाओं व व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु निरंतर मानीटरिंग जारी है। इसी क्रम में आज सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत एवं डिप्टी कलेक्टर प्रियंका भल्लावी ने ग्राम निटाया के मतदान केन्द्र 140 व चंद्रपुरा के मतदान केन्द्र 22 का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं व मतदाता पर्ची वितरण कार्य का जायजा लिया।

### अर्जुन भोला, अमनकीत हुए भाजपा में शामिल

**इटारसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के रोड शो के दौरान कांग्रेस के युवा नेता अर्जुन भोला और अमनकीत सिंह भाटिया ने सीएम मोहन यादव का स्वागत किया। सीएम प्रचार रथ के दौरान भाजपा नेता युवाओं के मंच पर पहुंचे उनको भारतीय जनता पार्टी का गमछा डालकर पार्टी में शामिल किया। इस दौरान अनेक युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर फूल फैके जिस रूट पर मुख्यमंत्री का रोड शो था, वहां पहली लाइन में कांग्रेस का चुनाव कार्यालय भी है। जब मुख्यमंत्री का काफिला कांग्रेस के चुनाव कार्यालय के सामने से गुजर रहा था तो अनेक युवा कांग्रेसी बाहर आकर पार्टी का झंडा लहरा रहे थे, मुख्यमंत्री ने भी उनके ऊपर फूल फैंककर मुस्कुराते हुए उनका अभिवादन किया।

# आरपीएफ ने अपहृत नाबालिग बालिका को ट्रेन से रेस्क्यू कर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



आरपीएफ ने मुंबई से अपहृत नाबालिग को ट्रेन से रेस्क्यू किया है। आरपीएफ इटारसी पोस्ट की प्रभारी निरीक्षक अनुराधा मिश्रा को दहिसर मुंबई पुलिस से सूचना प्राप्त हुई कि एक लड़का जिब्राइल खान उर्फ छोटू उम्र 23 वर्ष एक नाबालिग बालिका निवासी बाबली पाड़ा, दहिसर पूर्व, मुंबई, महाराष्ट्र को गाड़ी सं. 20103 से अपहरण कर ले जा रहा है। इस संबंध में बालिका के परिजनों द्वारा पुलिस थाना दहिसर मुंबई में एफआईआर दर्ज कराई गई है। सूचना पर गाड़ी संख्या 20103 के इटारसी स्टेशन आगमन पर अनुराधा मिश्रा निरीक्षक के निर्देशन में उपनिरीक्षक ओमप्रकाश गुर्जर, सहायक उपनिरीक्षक बीपी पाण्डे, संजय कुमार जनोरिया, प्रधान आरक्षक रश्मि चिमानिया, सोबरन सिंह, आरक्षक डेविडदीन व आरक्षक अशोक बारीवे ने गाड़ी को तत्परता से चेक किया। नाबालिग बालिका को कोच नं. एस-2 से तलाश कर उतारा तथा आरपीएफ पोस्ट पर लाया गया। आरपीएफ द्वारा ट्रेन में अपहरणकर्ता आरोपी जिब्राइल खान को भी तलाश किया, किन्तु वह ट्रेन में नहीं मिला। आरपीएफ ने इसकी सूचना पुलिस थाना दहिसर मुंबई को दी एवं पुलिस के आने तक बालिका को आरपीएफ थाना पर महिला स्टॉफ की निगरानी में सुरक्षित रखा गया । पुलिस थाना दहिसर मुंबई से उपनिरीक्षक वंदना विष्णु विल्हात एवं सहायक उपनिरीक्षक महेन्द्र श्रीराम उपाध्याय, बालिका की मां के साथ इटारसी आने पर आरपीएफ ने बालिका को सुपुर्द किया। कुछ दिन पूर्व भी आरपीएफ इटारसी पोस्ट के द्वारा चंदौली उत्तर प्रदेश की दो नाबालिक बालिकाओं का रेस्क्यू किया था जिन्हें एक लड़का जनता एक्सप्रेस से मुंबई लेकर जा रहा था।

# धड़ल्ले से निकल रहे ओवरलोड रेत के डंपर ज्यादा दाम में काटी जा रही है रॉयल्टी



**सीहोर।** ओवरलोड डंपरों पर प्रशासन का कोई शिकंजा नहीं है। जिला प्रशासन व संबंधित विभाग के अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं करते। ओवरलोड डंपर से कई बार हादसे भी हुए हैं।

रेत की बड़ी-बड़ी गाड़ियां ओवरलोड आ रही हैं, गाड़ियों में जिस हिसाब से रेत आना चाहिए उससे कई अधिक मात्रा में उनमें रेत भरी रहती है, साथ ही सीहोर जिले का जिस कंपनी को रेत का ठेका मिला है उसके द्वारा अपनी मनमानी की जा रही है। यूफोरिया कंपनी के द्वारा रेत के डंपर की रॉयल्टी इस समय काटी जा रही है, जिसकी कीमत लगभग 1250 रुपए तक ली जा रही है। 12 टायर गाड़ी की रॉयल्टी लगभग 25 हजार रुपए में काटी जा रही है, इसका पता हमें तब लगा जब हमने रेत की गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर व उनके मालिकों से बात की, तो उन्होंने बताया कि हम 12 टायर गाड़ी की रॉयल्टी 25 हजार रुपए में कटवाते हैं।

# पीपीसीए सीहोर ने अपने अंतिम लीग मुकाबले में जेवियर को दस विकेट से हराकर किया सेमीफाइनल में प्रवेश

### सलामी बल्लेबाज अंशु और अराव ने नाट आउट खेली 70 रन की साझेदारी

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही अंडर-16 विधायक क्रिकेट ट्राफी में बुधवार को पीपीसीए सीहोर ने अपने अंतिम लीग मुकाबले में जेवियर भोपाल को दस विकेट से हराकर कर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में पीपीसीए की ओर से सलामी बल्लेबाज अंशु ने 34 गेंद पर 24 रन और अराव ने 34 गेंद पर 24 रन बनाए थे। उनकी मजबूत साझेदारी की बदौलत पीपीसीए ने एक तरफा जीत हासिल की।

बुधवार की सुबह जेवियर भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.1 ओवर में दस विकेट खोकर 69 रन ही बनाए थे। उनकी शुरूआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज सरांश मात्र एक रन के निजी स्कोर और यश चार रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद सिद्धार्थ ने 23 रन और धारिया ने 31 रन की पारी खेली। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। पीपीसीए सीहोर की ओर से गेंदबाजी करते हुए नवनित ने तीन विकेट, नमन ने दो विकेट, नैतिक, नमन, राज और लक्की ने एक-एक विकेट हासिल किया। इसके अलावा लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपीसीए सीहोर ने यह मुकाबला दस विकेट से जीत लिया।

# निगरानी चेक प्वाइंट पर की दो हजार तीन सौ रुपए की चालानी कार्रवाई

**सीहोर।** ग्राम बिलकिसगंज में सीहोर-भोपाल रोड पर चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार स्थैतिक निगरानी दल को तैनात किया गया है। तैनात पुलिस बल द्वारा चेक पोस्ट पर आचार संहिता के चलते व चुनावी समय होने से 24 घंटे वाहनों के आवागमन और असामाजिक गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। वहीं, बिलकिसगंज के थाना प्रभारी संदीप मीणा के निर्देश पर बुधवार को वाहनों का चेकिंग अभियान भी चलाया, जिसमें पुलिस ने वाहन चालकों की अनियमितता को देखते हुए चालानी कार्यवाही की। पुलिस की जानकारी के अनुसार दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों से कुल 2300 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा वाहन चालकों को सुविधा की दृष्टि से हेलमेट और सीट बेल्ट आवश्यक रूप से लगाने के निर्देश दिए, साथ ही यातायात नियमों का पालन करने को कहा।

## खबर संक्षेप



### आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव होंगे रैली में शामिल

**खंडवा ।** भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की बैठक गुरुवार को महिला मोर्चा की अध्यक्ष इंदु दुबे की अध्यक्षता में की गई थी। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बैठक का उद्देश्य लोकसभा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल की आज निकलने वाली नामांकन रैली को सफल बनाने हेतु आयोजित की गई, रैली में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 20 आज खंडवा पहुंचेंगे और नामांकन रैली के साथ जनसभा को भी संबोधित करेंगे, रैली में वरिष्ठ,चुनाव प्रभारी दिनेश पालीवाल ,पार्षद चुनाव प्रभारी आशीष चटकले एवं राजेश यादव,सुनील जैन, जनपद अध्यक्ष सुमित्रा काले उपस्थित रहेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को रैली में ज्यादा से ज्यादा महिला कार्यकर्ता एवं जनता को शामिल होना है और मोदी का जो नारा है अबकी बार 400 पार के इस नारे को सार्थक करना है। उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ममता बोरसे,शारदा तांदले, अन्नपूर्णा तंवर,हर्षा ठाकुर,संध्या पांडे,मंजू यादव, अनीता पिल्ले,मंडल अध्यक्ष पिंकी राठौर, अंजलि चौहान, निशा अग्रवाल,प्राची टुटेजा, मीना फूल माली आदि रैली में उपस्थित रहेंगे ।

### मतदाता जागरूकता साइकिल रैली स्थगित

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए 20 अप्रैल शनिवार को हंडिया में आयोजित होने वाली सायकल रैली अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि सायकल रैली के आयोजन की आगामी तिथि की सूचना पृथक से दी जायेगी।

### स्कूलों के समय में परिवर्तन

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने इन दिनों वातावरण के तापमान में लगातार वृद्धि होने के कारण स्कूलों के अध्यापन के समय में परिवर्तन किया है। जारी आदेश अनुसार अब जिले के सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों में अध्यापन का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय में परिवर्तन

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने इन दिनों वातावरण के तापमान में लगातार वृद्धि होने के कारण आंगनवाड़ी में बच्चों के लिये समय में परिवर्तन किया है। जारी आदेश अनुसार अब जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चे सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेंगे।

### आज आएंगे कमलनाथ

**हरदा।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ आज 20 अप्रैल को 11 बजे मोरगढ़ी आएंगे। वह चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल ने बताया कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सभा में कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम मौजूद रहेंगे।

### चुनाव में गंभीरता बरतें अधिकारीः कलेक्टर

**सीहोर ।** चुनाव को देखते हुए बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

### 7 लाख टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य, 3 लाख 48 हजार टन ही आया, 88 हजार के पंजीयन

# किसानों को 878 करोड़ का करना है भुगतान, 420 करोड़ ही जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिले में 231 समर्थन केंद्रों पर गेहूं की खरीदी की जा रही है। अभी तक 45 हजार से अधिक किसान उपज बेच चुके हैं। जबकि 88 हजार से अधिक ने पंजीयन कराया है। इन किसानों को 878 करोड़ रुपए का भुगतान होना है, लेकिन अभी तक 317 करोड़ का भुगतान ही हो सका है। इसका कारण यह है कि अभी तक 420 करोड़ के ईपीओ ही जारी हो सके हैं। दूसरी तरफ जिन किसानों को तुरंत पैसे की जरूरत है वे मंडी में उपज बेचने पहुंच रहे हैं। अभी जिले में जो समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा रही है वह काफी कम हुई है। करीब 7 लाख टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य है, लेकिन अभी तक यह 3 लाख 48 हजार टन ही खरीदा जा सका है। इसका कारण यह भी है कि किसान मंडी में भी काफी गेहूं बेच रहे हैं।

**कम संख्या में ईपीओ हुए हैं जारी :** जानकारी अनुसार गेहूं खरीदी के बाद यहां से बिल बना दिए जाते हैं। इन बिल को पोर्टल पर डाल दिया जाता है। इसके बाद भोपाल से इन बिल के ईपीओ जारी होते हैं जिस पर भुगतान होता है। यह अभी सीहोर जिले के लिए 420 करोड़ के ही जारी हो सके हैं जबकि 878 करोड़ की खरीदी हो चुकी है। यही कारण है कि अभी तक कम भुगतान ही हो सका है। जितने ईपीओ जारी हुए हैं उस हिसाब से देखा जाए तो किसानों को भुगतान नहीं हो सका है। 420 में से केवल 317 करोड़ का ही भुगतान हुआ है। बाकी किसानों को अभी भुगतान होना बाकी है। यानि भुगतान का 37 प्रतिशत है।

#### समर्थन केंद्रों पर कम, मंडी में किसानों की ज्यादा भीड़

इस बार जिले में 88 हजार से अधिक किसानों ने समर्थन पर उपज बेचने के लिए पंजीयन कराया है। इनमें से 45 हजार 594 किसान गेहूं समर्थन मूल्य पर बेच चुके हैं। अभी खरीदी के लिए समय तो है लेकिन किसान कम पहुंच रहे हैं। इधर मंडियों में किसानों की अच्छी भीड़ हो रही है। मंडियों में भी इस बार अच्छी आवक हो रही है।

#### मंडी में तत्काल भुगतान और वह भी समर्थन से ज्यादा

जिन किसानों के पास गेहूं की क्वालिटी अच्छी है वह तो मंडी ही उपज लेकर पहुंच रहे हैं। इसका कारण यह है कि उन्हें यहां पर 2400 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक मिल रहे हैं। अधिक रेट मिलने के साथ तत्काल भुगतान के कारण भी मंडियों में भीड़ हो रही है। जिन किसानों को पैसे की सख्त जरूरत है वह समर्थन पर उपज न बेचकर मंडियों में बेच रहे हैं।

#### इस बार वेयर हाउस हैं खाली

जिले में सभी खरीदी केंद्र वेयर हाउस में बनाए गए हैं, लेकिन देखने में आ रहा है कि कम उपज आने के कारण वेयर हाउस भी खाली हैं। अधिकांश जगह वेयर हाउस में काफी कम उपज है। इसलिए उन्हें भी कम भुगतान होगा। दूसरी तरफ लगातार रेक लगती जा रही हैं। इससे खरीदा गया गेहूं बाहर भी जा रहा है। इसलिए भी वेयर हाउस पूरे नहीं भर पाएंगे।

### बच्चों से चर्चा कर ली जानकारी

## न्यायाधीश मालवीय ने किया बाल सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण



**खण्डवा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा के सचिव/जिला न्यायाधीश यशवंत मालवीय द्वारा शुक्रवार को बाल सम्प्रेषण गृह खण्डवा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बाल सम्प्रेषण गृह के बच्चों से चर्चा कर उनके प्रकरण की जानकारी ली। साथ ही निरीक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारी किशोर न्याय बोर्ड खण्डवा निधि जैन व बाल सम्प्रेषण गृह के अधीक्षक नंदराम चौहान को उचित दिशा निर्देश दिये गये।

### 12 आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आदित्य सिंह ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर कुल 12 आरोपियों को 6 - 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। इन आरोपियों पर जिले के पुलिस थानों में विभिन्न अपराधों में प्रकरण दर्ज हैं। जिन 12 आरोपियों को जिला बदर किया गया है, उनमें कन्हैया लाल कतिया निवासी बमनगांव, चंदर नाथूराम कोरकू निवासी रिछारिया, शाकिर पिता जफर खान निवासी खरकिया, ओमकार दारासिंह कुचबंदिया निवासी खिरकिया, राजेश गोविंदराम सारण निवासी मांदला, हरिओम करण सिंह मीणा निवासी ढोलगांव, राकेश रामदीन बलाई निवासी खिरकिया, दिलीप राम भरोसा कतिया निवासी खिरकिया, मनीराम सुता इवने निवासी कुंभीखेड़ा, राजेश उर्फ राजू धन्ना लाल जाट निवासी अजनास, प्रीतम विजय कुचबंदिया निवासी खिरकिया तथा आरिफ अतीक मंसूरी निवासी उड़ा शामिल है। जिला बदर की 6 माह की अवधि में ये आरोपी न केवल हरदा जिले की सीमा में, साथ ही पड़ोसी जिले खंडवा, नर्मदापुरम, बैतूल, सीहोर और देवास जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### हिट एंड रन के मामले में 50 हजार की सहायता

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टिमरनी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर ह्यह्यहिट एंड रनह्लह्ल के मामले में गंभीर रूप से घायल होने पर जगदीश पिता नर्मदाप्रसाद अग्रवाल के परिजनों को 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि गत दिनों सड़क दुर्घटना में जगदीश पिता नर्मदाप्रसाद अग्रवाल घायल हो गये थे।

## खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन




**रहटगांव।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला नोडल स्वीप अधिकारी के आदेशानुसार ग्राम पंचायत आमसागर में शुक्रवार मतदाता जागरूकता स्वीप ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुर्सी दौड़, 50/100 मीटर दौड़ नींबू दौड़ पुरुष और महिला वर्ग मतदाताओ ने भाग लिया।

जिसमें अधिक से अधिक मतदाताओं ने स्वीप ओलंपिक खेलकूद में भाग लेकर मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु ग्राम के मतदाताओ को जागरूक किया गया। स्वीप ओलंपिक खेलकूद में भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। आज स्वीप ओलंपिक खेलकूद गतिविधियों के बाद सचिव कैलाश बिलारे द्वारा आगामी लोक सभा निर्वाचन 7 मई को मतदान केन्द्र 126 आमसागर में अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान कर स्वतंत्र निर्भीक रहकर मतदान करने की समझाईश दी गई। मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओ के बारे में मतदाताओं को बताया गया की की दिव्यांग मतदाता के लिए वीलचेयर गर्भवती महिलाओ के लिया आंचल कक्ष पेयजल आदि के साथ साथ अनेक प्रकार की अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। रैली में बीएलओ श्रवण मरकाम, आगनबाड़ी कार्यकर्ता स्नेहलता तिवारी, सहायक सचिव दीपक धोषिया, मनोज उपाध्याय, सुखदेव सूर्यवंशी, मंजू मालवीय, जयसिंह मिठुबाई रमकु बाई, जगरईबाई, लीलावती निकिता जमना बाई राजेंद्र अजब सिंह दानसिंह मनीराम सुभाष आदि महिला पुरुष मतदाता उपस्थित रहे।


## 21 अप्रैल को निकलेगी भगवान महावीर स्वामी की रथ यात्रा

### जैन मंदिरों में आकर्षक झांकी के साथ सजाए गए हैं आकर्षक पालने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

अहिंसा धर्म के प्रचारक जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को सकल जैन समाज द्वारा उत्साह के साथ मनाया जाएगा ,समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव को लेकर खंडवा के सभी जैन मंदिरों में साफ सफाई के साथ आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है।

मंदिरों में भगवान महावीर के प्रसंगो पर झांकी एवं आकर्षक पालने सजाए गए हैं, जन्म कल्याणक उत्सव को लेकर प्रतिदिन अलग-अलग सामाजिक मंडलों द्वारा भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, मुख्य रूप से जैन सोशल ग्रुप द्वारा वर्तमान जिन शासन भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव आज एवं 21 अप्रैल को मनाया जाएगा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही आज बालक वर्तमान के माता-पिता सुधा सुभाष सेठी शाम 6:30 बजे घासपुरा जैन मंदिर से तापड़ीया गार्डन बरघोड़ा में शामिल होंगे, तापड़िया गार्डन में शाम 7:00 बजे से एक शाम महावीर के नाम के तहत विभिन्न ग्रुपों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, 21 अप्रैल महावीर जयंती जन्म कल्याणक महोत्सव पर प्रात 6:00 बजे सराफा मंदिर से प्रभात फेरी निकलेगी एवं प्रातः 8:00 बजे सराफा मंदिर से भगवान महावीर स्वामी की रथ यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से निकाल कर सराफा धर्मशाला पहुंचेगी जहां भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा के अभिषेक के साथ शांति धारा की जाएगी, तत्पश्चात जैन सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित वात्सल्य भोज में सभी सामाजिक शामिल होंगे , जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत गुरुवार रात्रि में हरिगंज जैन परिवार द्वारा धर्मशाला में भजन संध्या एवं भगवान का पालना झूलने का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मधुलिका वीरेन्द्र जैन ₹भट्याण₹, दीप्ति प्रवीण जैन, सन्तोष रानी स्व.चांदुलाल जी जैन (महल), कुमकुम स्व. जड़ावचंद जैन,अरुण बाला हरिगंज परिवार सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित हुए,महावीर जयंती के अवसर पर सर्राफा पार्श्वनाथ जैन मंदिर में रानी नितिन जैन, श्रद्धा मनीष जैन ,विनीता संजय जैन, दीप्ति प्रवीण जैन द्वारा भगवान महावीर का सुंदर आकर्षक पालना सजाया गया है, वही घासपुरा दिगंबर महावीर जैन मंदिर में भगवान महावीर के प्रसंग पर सुंदर आकर्षक झांकी के साथ विशेष रूप से आकर्षक पालना भी सजाया गया है।



प्रतिदिन चल रहे हैं सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन संध्या

## 3 साल से फरार स्थायी वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बुरहानपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेंद्र कुमार पाटीदार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर अधिक से अधिक स्थाई वारंट तामील करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके तहत थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस टीमों का गठन कर स्थाई वारंट तामील किए जा रहे है। नेपा थाना पुलिस ने 3 साल से फरार एक आरोपी को पकड़ा है जो चेक बाउंस के मामले में फरार चल रहा था। थाना नेपानगर पुलिस को 2021 के प्रकरण में एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी प्रवीण पिता ठाकुर 27 निवासी अंबाडा रैयत को 138 एनआईए चेक बाउंस प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में सीजेएम न्यायालय बुरहानपुर की ओर से अक्टूबर 2023 में आरोपी का स्थाई वारंट जारी किया गया था। स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी नेपानगर ज्ञानू जायसवाल, प्रआर गुरुदीप पटेल, प्रआर अमर पवार, आरक्षक गजेन्द्र रावत, लालसिंग ब्राह्मणे की भूमिका रही।

**पुलिस ने 70 लीटर शराब पकड़ी :** इधर एक दूसरे मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने अकबरी सराय में दबिश देकर एक आरोपी से 70 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बैरी मैदान निवासी शेख इमरान पिता बशीर 30 को मुखबिर की सूचना पकड़ा गया। आरोपी से जब्त 70 लीटर शराब की कीमत 14 हजार रूपए है। कार्रवाई में थाना कोतवाली टीआई सीताराम सोलंकी, उनि सुनील पाटिल, सउनि संदीप यादव, प्रआर राकेश शर्मा, राजकुमार पटेल आदि शामिल रहे।

### मांगलिक कार्य शुरू, इस महीने 6 श्रेष्ठ मुहूर्त



**सीहोर।** खरमास समाप्त होने के बाद गुरुवार से मांगलिक कार्य शुरू हो गए हैं। इस महीने में सीमित मुहूर्त होने के कारण 23 अप्रैल तक 6 दिनों में जिले सहित शहर में 200 से अधिक जुड़े दांपत्य सूत्र में बनेंगे। इसलिए अभी से अधिकांश मैरिज गार्डन और धर्मशालाएं बुक हो गई हैं। पंडित हर्षित शास्त्री ने बताया कि अप्रैल से दिसंबर तक केवल 37 दिन ही विवाह मुहूर्त है। इस बार मई और जून में विवाह मुहूर्त नहीं होने का कारण बृहस्पति और शुक्र ग्रह का अस्त होना है। इन दोनों ग्रहों के उदित होने पर ही विवाह किए जाते हैं।

### आचार संहिता उल्लंघन का मामला

## पूर्व केंद्रीय मंत्री यादव व कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ केस दर्ज

**बुरहानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव और खंडवा संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र पटेल के खिलाफ नावरा पुलिस चौकी नेपानगर थाना पुलिस ने एफएसटी टीम की शिकायत के बाद आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज किया है। आरोप है कि कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के नरेंद्र पटेल और पूर्व सांसद अरूण सहित अन्य द्वारा कांग्रेस पार्टी का प्रचार धार्मिक स्थान माता मंदिर परिसर नावरा में किया गया। दोनों के खिलाफ धारा 188 व धार्मिक संस्था दुरूपयोग का निवारण अधिनियम 1988 की धारा क 6, 7 तहत दंडनीय होना पाया जाने से विवेचना में लिया गया है। शिकायत नावरा चौकी पुलिस को एफएसटी क्रमांक 1 के कार्यपालिक दंडाधिकारी मिलिन्द घरड ने की थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया।




## स्वीप ओलंपिक का हुआ आयोजन

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिये हरदा जिले मे 7 मई को मतदान होगा। मतदान में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता के लिए मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ह्यह्यस्वीप ओलम्पिकह्लह्ल खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी रोहित सिसोनिया ने बताया कि स्वीप ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता के तहत 18 से 60 वर्ष तक के महिला पुरूष के लिये 50 मीटर नींबू-चम्मच दौड़ आयोजित की गई। इसके अलावा 50 मीटर तीन पैर दौड़, 50 मीटर बोरा दौड़, 60 वर्ष से अधिक उम्र के महिला पुरूषों के लिये 100 मीटर स्पीड वॉक, 16 से 60 वर्ष तक के महिला पुरूषों के लिये 50 मीटर धीमी साईकिल, सिट अप प्रतियोगिता तथा पुश-अप प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन खेल प्रतियोगिताओं में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। स्वीप ओलम्पिक खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत द्वारा प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

### व्यय प्रेक्षक सुनाल ने ली बैठक

## ईमानदारी और मेहनत के साथ कार्य करें: सुनाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

लोकसभा निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा खंडवा संसदीय क्षेत्र के लिए आईआरएस अमित चंद्र सुनाल को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

प्रेक्षक सुनाल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एफ.एस.टी., व्ही.एस.टी., व्ही.व्ही.टी., एस.एस.टी. एवं लेखांकन टीम की बैठक ली। बैठक में उन्होंने दलों को निर्देश दिए कि वे मुख्य मार्गों तथा जिले एवं राज्य की सीमाओं पर स्थापित चेक पोस्ट पर अपने क्षेत्र में अवैध शराब एवं संदेहास्पद वस्तुओं इत्यादि की आवाजाही पर निगरानी रखें और सभी कार्यवाही की वीडियोग्राफी करें। इसके अलावा उन्होंने वीडियो निगरानी दल को निर्देश दिए कि आर्दश आचरण संहिता के प्रावधानों के अधीन निर्वाचन क्षेत्रों में संवेदनशील घटनाओं, सार्वजनिक रैलियों एवं प्रचार-प्रसार के आयोजनों पर हुए खर्च की जानकारी संकलित करें। वीडियो निगरानी दल संबंधित सहायक व्यय प्रेक्षक की निगरानी में कार्य करें एवं निर्धारित प्रपत्र में जानकारी प्रस्तुत करें। बैठक में प्रेक्षक सुनाल ने कहा कि सभी ईमानदारी और मेहनत के साथ कार्य करें और कोई भी समस्या है तो तुरंत अवगत करायें। सभी टीम वर्क के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। हम सब को मिलकर लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न कराना है।

इसके अलावा उन्होंने बैठक में नामांकन करने वाले अभ्यार्थियों को व्यय संबंधित फार्म के वितरण के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही वीडियो निगरानी दल को निर्देश दिए कि वे पूरी वीडियोग्राफी करें। एसएसटी टीम फील्ड पर काम करते वक्त सघन तरह से जांच करे,साथ ही सभी का परिचय पत्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रात्रि के समय उचित तरह से कार्य किया जाये,साथ ही पर्याप्त स्टॉफ रहे इसका भी विशेष ध्यान रखें। व्यय लेखा टीम को सर्तक रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रमेशचन्द्र खतेड़यि, व्यय लेखा के नोडल अधिकारी आर.एस. गवली सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## ई-प्रिजन व ई-मुलाकात पोर्टल के संबंध में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ए.डी.आर. भवन में आई.सी.जे.एस. पोर्टल, ह्लसी. आई.एस.ए, ई. प्रिजन पोर्टल व ई- मुलाकात पोर्टल के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा के सचिव एवं जिला न्यायाधीश गोपेश गर्ग ने बताया कि अधिवक्तागण सभी पोर्टल का उपयोग कर प्रकरण की वास्तविक स्थिति पता कर सकेंगे जोकि स्वयं के साथ-साथ पक्षकारों के लिए भी सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में आईसीजेएस पोर्टल, सी आई एस तथा ई प्रिजन पोर्टल से संबंधित तकनीकी पहलुओं के संबंध में जिला जेल हरदा से सुश्री शिखा तिवारी ने जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी सुश्री अपर्णा लोधी व जेल अधीक्षक योगेश शर्मा सहित अधिवक्तागण भी उपस्थित थे।